# हमारे लिए सबका विकास आवश्यक : धामी



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम में डॉ. हिमानी वैष्णव ने प्रधानमंत्री से बातचीत की। इस कार्यक्रम मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ऐसा संगठन है जहां तुष्टिकरण किसी का नहीं संतुष्टिकरण सबका किया जाता है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास हमारा ध्येय वाक्य है। हम इसी योजना के तहत काम कर रहे हैं।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश में 60 वर्ष तक जिनका शासन था, उन्होंने केवल तुष्टिकरण का काम किया है। उनके लिए वर्ग विशेष ही सर्वाधिक महत्वपूर्ण था। इसके ठीक विपरीत भाजपा ऐसा राजनीतिक दल है, जिसकी योजनाएं आम जनता के लिए होती हैं। हमारी योजनाएं सबके लिए होती हैं, किसी विशेष के लिए नहीं। यही कारण है कि भाजपा तुष्टिकरण को नहीं सशक्तिकरण पर जोर देती है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि विकास सतत प्रक्रिया है और हम इस प्रक्रिया को निरंतर आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। केंद्र सरकार ने नौ वर्ष में विकास की नई-नई योजनाएं देकर उत्तराखंड को विशेष रूप से समृद्ध बनाया है। आज का उत्तराखंड उन विकसित राज्यों में शामिल होने की ओर अग्रसर है जो विकास की दौड़ में काफी आगे है।
उन्होंने कहा कि हमारे लिए प्रदेश और प्रदेश की जनता का विकास सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जुलाई माह में मध्य क्षेत्र की बैठक उत्तराखंड में होने वाली है, जिसमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।
इसमें मध्य क्षेत्र के सभी राज्य जिनमें उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हिमाचल, मध्य प्रदेश आदि शामिल है रहेंगे और अपनी विकास की योजनाओं को मूर्त रूप देंगे। उन्होंने कहा कि हमारे लिए प्रदेश का विकास सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। यह तभी संभव है जब सबका समग्र विकास हो। इसी समग्र विकास के लिए लोग भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास करते हैं।
उन्होंने भाजपा कार्यकताओं से कहा कि विकास के लिए आवश्यक है कि मजबूती से केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार बने। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर अपने बूथ को मजबूत करना है। हमारा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के माध्यम से हम केवल बूथ ही मजबूत नहीं करेंगे उसके माध्यम से सत्ता की सीढ़ी चढ़ने की मजबूत पहल करेंगे। हम सब मिलकर संगठन के इन कार्यक्रमों को मजबूत बनाना है ताकि आने वाले दिनों एक बार फिर केन्द्र और उसके बाद प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बने और विकास को नई गति दी जा सके।

# भाजपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
नई टिहरी नगर में भाजपा कार्यकताओं ने घर-घर जन संपर्क अभियान चला कर लोगों से भेंट की। अभियान के दौरान उन्होंने लोगों को केंद्र की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही पार्टी की ओर से जारी मोबाइल नंबर पर मिस्ड कॉल कर प्रधानमंत्री की मुहिम से जुड़ने को कहा।
भाजपा कार्यकताओं ने बीते सोमवार सायं को भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी के नेतृत्व में नई टिहरी नगर के मॉडल हाउस, कुलणा बाजार, विधि और बसंत विहार में लोगों के घरों में जाकर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल नौ साल कार्यकाल के बारे में बताया। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास कर रहा है। इन नौ सालों में भारत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर



अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की संचालित विभिन्न योजनाओं का पात्र लोगों को पूरा लाभ दिया जा रहा है। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने पार्टी की ओर से जारी स्टिकर को लोगों के घरों में चस्पा कर उस पर अंकित मोबाइल नंबर पर मिस्ड काल करने को कहा। मंडलाध्यक्ष गोपीराम चमोली ने कहा कि आगामी दिनों तक रोज सांय को पार्टी कार्यकर्ता नगर में लोगों के घरों में जाकर महा जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को पार्टी की रीति और नीति से अवगत कराएंगे।
अभियान में जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल, पूर्व मंडलाध्यक्ष विजय कठैत, सुनीता देवी, रविन्द्र सेमवाल, मंजू चंद, दर्मियान कंडारी, असगर अली, राजेन्द्र डोभाल, शीशराम थपलियाल, पंकज बरवाण, राकेश लवली सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### 29 जून से भगवान शिव करेंगे सृष्टि की सत्ता का संचालन

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पंचाग गणना के अनुसार गुरुवार, 29 जून को भगवान विष्णु के योग निद्रा में चले जाने के कारण सृष्टि की सत्ता का हस्तांतरण आगामी चार माह के लिए भगवान शिव के हाथों चला जाएगा। 29 जून को देवशयनी एकादशी है। देवशयनी एकादशी के साथ ही भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाएगे और आगामी चार मास तक पाताल की सत्ता संभालेंगे। इसी के साथ श्रावण मास लगते ही भगवान शिव श्रावण मास में अपनी ससुराल कनखल स्थित श्री दक्षेश्वर महादेव मंदिर में निवास करेंगे। देवशयनी एकादशी के साथ सभी प्रकार के मांगलिक कार्यों पर भी विराम लग जाएगा। देवशयनी एकादशी के साथ ही मांगलिक कार्यों का आरम्भ होगा। देवशयनी एकादशी से देवउठनी एकादशी तक भगवान विष्णु विश्राम करेंगे। देवउठनी एकादशी इस बार 23 नवंबर को होगी। देवशयनी एकादशी के साथ ही चातुर्मास आरम्भ हो जाएगा।
पं. देवेन्द्र शुक्ल शास्त्री के मुताबिक इस एकादशी के बाद से शिव जी सृष्टि का पालन करते हैं। इसलिए एकादशी पर शिव जी की भी विशेष पूजा करनी चाहिए। देवशयनी एकादशी पर गंगा या किसी नदी में स्नान करने का भी महत्व है।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी जीजा चढा पुलिस के हत्थे



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मुकदमे में पोक्सो की धारा की बढ़ोतरी करते हुए आरोपित का चालान कर दिया है।
25 जून को लंढ़ौरा निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली मंगलौर में अपने दामाद शेर अली और उसके बहनोई पर अपनी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित शेर अली निवासी बुड्ढा हेड़ी थाना पथरी को नगला इमरती क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। जबकि दूसरे आरोपित की पुलिस तलाश में जुटी है।

### जी-20 : बैठक में आए मेहमानों के लिए त्रिवेणी घाट पर आरती के लिए प्रशासन ने सभी रास्तों पर लगाई रोक

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश में जी-20 बैठक में प्रतिभाग करने वाले विदेशी मेहमानों के स्वागत में ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट पर आयोजित गंगा आरती स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से त्रिवेणी घाट पर जाने वाले रास्तों पर आम के लोगों की आवाजाही पर प्रशासन ने रोक लगा दी है। इस पर व्यापारियों ने नाराजगी जताई है। इस संबंध में घाट रोड के व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल उपजिलाधिकारी से मिला।
उल्लेखनीय है कि 28 तारीख की शाम को त्रिवेणी घाट पर जी-20 की बैठक में प्रतिभाग करने वाले विदेशी मेहमानों के लिए गंगा आरती का आयोजन किया गया है। जिसे देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से स्थानीय प्रशासन ने घाट पर जाने वाले सभी रास्तों पर आमजन के लिए रोक लगा दी है ,जिसके कारण त्रिवेणी घाट के सभी दुकानदारों की दुकानें भी प्रभावित हो रही है। जिसे देखते हुए व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल उप जिलाधिकारी सौरभ अस्वाल से अपनी समस्याओं को अवगत करवाया। इस पर उप जिलाधिकारी ने कहा कि त्रिवेणी घाट पर आयोजित होने वाली आरती के दौरान किसी भी आमजन को मुख्य घाट पर नहीं जाने दिया जाएगा। उनके लिए दत्तात्रेय घाट पर गंगा स्नान और आरती की व्यवस्था की गई है। यह प्रतिबंध 28 तारीख को होने वाली आरती पर रहेगा।
उप जिलाधिकारी से मिलने वाले व्यापारियों में देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमारअग्रवाल,पंकज शर्मा सहित अन्य व्यापारी भी मौजूद थे।

# आल्टो कार 300 मीटर गहरी खाई में गिरी, दो की मौत

**देहरादून/बागेश्वर**
जनपद बागेश्वर के थाना कपकोट क्षेत्रान्तर्गत होकरा के अंतर्गत आल्टो कार लगभग 300 मीटर गहरी खाई में गिरने से एक महिला सहित दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के थाना कपकोट से 26 किमी दूर होकरा में राशन गोदाम के सामने कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। सूचना पर पोस्ट अस्कोट, पिथौरागढ़ से एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। स्थानीय और पुलिस बल के सहयोग से रोप की सहायता से 300 मीटर गहरी खाई में उतरकर शवों तक अपनी पहुंच बनाई।

# नैनीताल में सुबह-सुबह भूस्खलन, सड़क के साथ पेयजल लाइन भी टूटी

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
कमजोर पहाड़ों वाली पर्वतीय पर्यटन नगरी में अभी मानसूनी बारिश एक तरह से ठीक से शुरू भी नहीं हुई है, लेकिन भूस्खलन की खबरें आनी शुरू हो गई हैं। जिला मुख्यालय में मंगलवार सुबह करीब सात बजे राजकीय पॉलीटेक्निक के पास छात्रावास से पहले किलबरी रोड पर भूस्खलन हुआ। इससे संकरी किलबरी रोड का करीब आधा हिस्सा ध्वस्त होकर एटीआई यानी उत्तराखंड प्रशासन अकादमी के आवासों के पास ऊपर से जोरदार आवाज के साथ गिर पड़ा।
गनीमत रही कि इससे कोई जनहानि नहीं हुई। अलबत्ता, बताया गया है कि इस कारण क्षेत्र



की पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है, और इस कारण क्षेत्र के राजकीय पॉलीटेक्निक, एटीआई, ओक पार्क, हंस निवास व चीना हाउस आदि क्षेत्रों की पेयजल आपूर्ति बाधित व प्रभावित होने की सूचना है। इससे किलबरी, पंगोट, घुग्धू खान, रौखड़ सहित दर्जनों गांवों के लिए वाहनों का आवागमन मुश्किल हो गया है, और भविष्य में आवागमन बाधित होने की भी आशंका उत्पन्न हो गई है। इससे क्षेत्रीय ग्रामीणों के मुख्यालय आने-जाने के साथ फल-सब्जी व दूध की आपूर्ति भी प्रभावित हो सकती है।
उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व नगर की ठंडी सड़क पर ग्वेलज्यू मंदिर के पास भी पहाड़ से पत्थर गिरने की घटना हो चुकी है। जबकि बीते वर्षों में पाषाण देवी मंदिर के पास हुए भूस्खलन की शासन-प्रशासन के दावों के बावजूद स्थायी मरम्मत का कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है।

# रुद्रप्रयाग: कार खाई में गिरी, 02 मौत

**देहरादून/रुद्रप्रयाग/टीम एक्शन इंडिया**
जखोली से श्रीनगर की तरफ जा रही कार सिरोबगड़ के पास मंगलवार सुबह अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इसमें 02 लोगों की मौत हो गई जबकि 01 घायल हो गया है। रुद्रप्रयाग जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र से प्राप्त सूचना के अनुसार मंगलवार समय प्रातः 9:05 बजे स्थान खांकरा, सिरोबगड़ के समीप एक अल्टो कार यूके-13 6341 की दुर्घटनाग्रस्त हुई। कार में कुल सवारी 03 सवार थे, जिसमें 02 की मौत हो गई और 01 घायल हो गए। घायल व्यक्ति को उपचार के लिए श्रीनगर बेस




हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। एसडीआरएफ और डीडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कार्य को किया। दो लोगों के शव बरामद हुए हैं।

# बागेश्वर उपचुनाव के लिए कांग्रेस पूरी तरह तैयार : हरीश रावत

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व सीएम हरीश रावत ने मंगलवार को कहा कि बागेश्वर उपचुनाव और निकाय चुनाव को मजबूती से लड़ने के लिए कांग्रेस पूरी तरह तैयार है। चुनाव नियत समय पर कराने चाहिए।
पूर्व सीएम हरीश ने हल्द्वानी में पत्रकारवार्ता ने राज्य सरकार पर महंगाई, भ्रष्टाचार और रोजगार के मुद्दे की अनदेखी का भी आरोप लगाया।
उन्होंने कहा कि सरकार के गड्ढा एप में फोटो भेजकर लोगों ने 8000 से ज्यादा शिकायतें दर्ज कराईं, लेकिन इनमें से कितने गड्ढे भरे गए, कुछ पता नहीं।

# पार्षद की पुत्रवधू ने ससुराल वालों ने लगाए गंभीर आरोप

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
वार्ड नं. 17 की पार्षद विमला की पुत्रवधू चांदनी ने ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न के लिए प्रताड़ित और मारपीट करने के गंभीर आरोप लगाए।
मंगलवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान पार्षद विमला की पुत्रवधू चांदनी ने अपने ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न के लिए प्रताड़ित करने और मारपीट करने के गंभीर आरोप लगाते हुए पत्रकारों से न्याय की गुहार लगाई।
चांदनी ने कहा कि पुलिस व प्रशासन सत्तारूढ़ दल से जुड़े होने के कारण पार्षद विमला और उनके पति पूर्व पार्षद रामेश्वर दयाल, जेठ-जेठानी व पति शिवम के विरुद्ध किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई करने से बच रहा है जबकि वह न्याय के लिए संबंधित थाना रानीपुर व महिला हेल्प लाइन के चक्कर काटकर आजिज आ चुकी है। चांदनी ने नगर विधायक से ससुरालीजनों के संबंधों का हवाला देते हुए पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने का आरोप भी लगाया।
बताया कि 22 जून को ससुराली जनों ने मारपीट कर चोरी का झूठा आरोप लगाते हुए उसे घर से निकाल दिया और धमकी दी की यदि उसने जुबान खोली तो उसके परिवारजनों के लिए घातक होगा। यह भी कहाकि उनकी सरकार में गहरी पैठ है और तुम्हारी कहीं कोई सुनवाई नहीं होगी।
पीड़ित चांदनी ने अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि आज से छह वर्ष पूर्व वह किसी फार्म को तस्दीक कराने के लिए स्थानीय तत्कालीन पार्षद रामेश्वर के घर गई थी। घर पर कोई नहीं केवल उनका पुत्र शिवम मौजूद था। उसने कहाकि जल्द ही उसके माता-पिता आने वाले हैं आप थोड़ा इंतजार करो। इस पर घर में बैठ गई।
आरोप है कि शिवम ने उसे पानी पीने के लिए दिया था, जिसको पीने के बाद वह बेहोश हो गई।
होश आने पर जब उसे अपने साथ हुए गलत कृत्य का एहसास हुआ तो शिवम ने वीडियो क्लीपिंग दिखाकर धमकी दी की यदि मुंह खोला तो वह समाज में उसे बदनाम कर देगा।
वह शिवम के दबाव में आ गई, जिसके बाद शिवम अक्सर उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करने लगा। बताया कि शिवम को उसके साथ गलत करते हुए उसकी सास व ससुर ने देख लिया।
जिसके बाद उन्होंने मुझे यह कहकर चुप करा दिया कि अभी तुम छोटी हो कुछ समय इंतजार करो, जल्द ही हम तुम्हारी शादी शिवम से करा देंगे। उसने बताया कि कुछ दिन बाद ससुराल वालों ने उसे घर बुलाया और चुपचाप घर पर ही उसकी शादी करवा दी और कहाकि समय आने पर कोर्ट मैरिज भी करवा दी जाएगी। उसने बताया कि विधिवत रूप से फरवरी 23 में उसकी शिवम के साथ सामाजिक रीति-रिवाज के साथ शादी हुई, जिसमें उसके माता-पिता ने शिवम के परिवार की प्रतिष्ठा को देखते हुए हैसियत से अधिक दहेज दिया और इसके लिए उसके पिता ने अपनी जमीन भी बेच दी।

# अल्मोड़ा के सुयाल नदी में डूबे भाई-बहन के शव बरामद

**अल्मोड़ा/टीम एक्शन इंडिया**
अल्मोड़ा नगर के समीप विश्वनाथ के पास स्थित सुयाल नदी में डूबने से भाई बहन की मौत हो गई। परिवार जनों की सूचना पर खोज करने पहुंची पुलिस और आपदा प्रबंधन के कर्मियों ने सोमवार की रात एक बजे नदी से दोनों के शव बरामद किए। अल्मोड़ा पुलिस, एसडीआरएफ और फायर यूनिट टीमों को इसके लिए सघन सर्च अभियान चलाना पड़ा।
जाखनदेवी, अल्मोड़ा निवासी विनोद राठौर ने स्व. प्रकाश सिंह नेगी के बच्चों 17 वर्षीय भावना नेगी और 16 वर्षीय आदित्य नेगी निवासी बख, अल्मोड़ा के अभी तक घर नही लौटने की सूचना रात्रि लगभग 08.00 बजे



कोतवाली अल्मोड़ा में दी गयी। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा अरुण कुमार ने नाबालिग बच्चों के गुमशुदगी के मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र बच्चों के मोबाइल लोकेशन के आधार पर चौकी प्रभारी धारानौला दिनेश सिंह परिहार व पुलिस बल के साथ अल्मोड़ा विश्वनाथ क्षेत्र में तलाश प्रारम्भ की गई। सूचना पर सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद, एसडीआरएफ और अल्मोड़ा फायर यूनिट की टीम भी मौके पर पहुंची। सीओ अल्मोड़ा के नेतृत्व में रेस्क्यू टीमों ने बच्चों की तलाश के लिए रात्रि में विश्वनाथ नदी के आस-पास सघन सर्च अभियान चलाया गया। पुलिस टीम के सर्च अभियान के दौरान रात्रि समय करीब 1.00 बजे दोनों बच्चों भावना नेगी और आदित्य नेगी का शव विश्वनाथ नदी भैसोड़ाफार्म के पास से बरामद हुए। पुलिस द्वारा दोनों बच्चों के शवों का पंचायतनामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम को जिला चिकित्सालय अल्मोड़ा भेजे गये। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# पिछले मंगलवार के बाद इस मंगलवार को घरों में आया पीने का पानी

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
झीलों के शहर नैनीताल में पिछले मंगलवार को ध्वस्त हुई पेयजल आपूर्ति के बाद इस मंगलवार को पेयजल की आपूर्ति बहाल हो पाई। सुबह 10 बजे नगर के स्नो व्यू स्थित टैंक से पानी घरों में करीब आधा घंटा पानी आया तो लोगों ने राहत की सांस ली। इससे पहले बिड़ला वाले टैंक से बीती शाम आपूर्ति बहाल हो गई थी।
उत्तराखंड जल संस्थान के सहायक अभियंता डीएस बिष्ट ने बताया कि डीएसए मैदान में मरम्मत वाले स्थान पर एमएस यानी माइल्ड स्टील की लाइन पर की गई वेल्डिंग बाल के बराबर लीकेज से नमी दिखाई दी थी।



इस पर जोखिम लेने की जगह डीएम सहित अन्य उच्चाधिकारियों की देखरेख में इसे पूरी रात लगकर दुरुस्त किया गया। इसके बाद पंप चालू किए गए और टैंक भरने के बाद आपूर्ति शुरू की गई। सुबह करीब आधा घंटा ही पेयजल आपूर्ति की गई, अलबत्ता शाम से आपूर्ति पूर्ववत सुचारू करने का विश्वास दिलाया गया है।
उल्लेखनीय है कि इससे पहले बीते मंगलवार को डीएसए मैदान के बास्केटबॉल कोर्ट के पास बॉक्सिंग रिंग के निर्माण को लेकर बुलडोजर द्वारा खुदाई के दौरान स्नोव्यू क्षेत्र के लिए जा रही मेन राइजिंग लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसे जल संस्थान के कर्मचारी दुरुस्त करने में जुटे हुए थे। मगर गुरुवार दोपहर ठीक बगल में स्थित बिड़ला और रतन काटेज क्षेत्र की मेन राइजिंग लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई। जिस कारण शहर की एक तिहाई आबादी बूंद-बूंद पानी के लिए तरस गई। साथ ही साथ ही कई होटलों में भी पानी आपूर्ति बाधित होने से पर्यटन कारोबार प्रभावित होने लगा।
जिला प्रशासन ने संज्ञान लिया तो मरम्मत कार्य में तेजी आई। जिसके बाद जल संस्थान के तमाम अधिकारियों और कर्मचारियों सहित मजदूरों की टीम लाइन को दुरुस्त कराने में लगाई गई।
करीब 60 घंटे तक दिन-रात जुट कर रविवार तड़के करीब चार बजे तक लाइन को दुरुस्त किया गया। लेकिन लाइन पुनः धमाके के साथ फट गई।

# सेल्फ हेल्प ग्रुप के कर्मचारियों ने मंत्री से की भेंट

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उपनल कर्मचारी संगठन ऊर्जा निगम के स्वयं सहायता समूह के कर्मचारियों ने मंगलवार को कैंप कार्यालय में सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से मुलाकात कर प्रोत्साहन भत्ता बढ़ने पर आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मंत्री गणेश जोशी ने सभी कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गौरतलब है कि 5 जून को ऊर्जा निगम के सेल्फ हेल्प ग्रुप के कर्मचारियों ने कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी से उपनल की तर्ज पर प्रोत्साहन भत्ता 2800 सौ से 5800 सौ कराने के लिए आग्रह किया गया था। इस पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने



जी तत्काल कर्मचारियों की समस्या को प्राथमिकता से लेते हुए और कर्मचारी हितों के लिए लागू कराया गया।
इस मौके पर प्रदेश महामंत्री विनय प्रसाद, पार्षद योगेश कुमार, पार्षद चुन्नीलाल, पार्षद कमल थापा, अजय कारगी, श्रेष्ठ मंडल अशोक, कृष्ण राम, पीयूष, राजू, दीपक रावत, दीपक नौटियाल, तेजपाल सिंह, विक्की, शांति प्रसाद, दीपक बेनीवाल आदि उपस्थित रहे।

# पर्वतारोहण कर लौटी 'हर शिखर तिरंगा' अभियान की टीम ने राज्यपाल से की भेंट

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से राजभवन में उत्तराखण्ड के सबसे ऊंचे शिखर कामेट पर्वत पर पर्वतारोहण कर लौटी ह्यहर शिखर तिरंगाह्ल अभियान की टीम ने भेंट की। इस मौके पर कर्नल आरएस जमवाल के नेतृत्व में मिले 7 सदस्यीय पर्वतारोहण टीम ने राज्यपाल को बताया कि रक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत ह्यहर शिखर तिरंगाह्ल की टीम देश के प्रत्येक राज्य की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई करके तिरंगा फहराने का कार्य कर रही है।
कर्नल जमवाल ने बताया कि उत्तराखंड के कामेट पर्वत में आरोहण का, इस अभियान के



अंतर्गत उनकी टीम को यह उपलब्धि प्राप्त करने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि यह अभियान अरुणाचल प्रदेश से शुरू हुआ और अगला पड़ाव लद्दाख में है। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि यह बहुत रोमांचकारी सफर है। इस अभियान के पीछे की सोच अपनत्व का भाव जागृत करती है। प्रत्येक राज्य के सबसे ऊंची चोटी पर पर्वतारोहण करना और अभियान को तिरंगा फहरा कर समाप्त करना वास्तव में देशभक्ति प्रदर्शित करने का अनूठा प्रयास है। इस दौरान राज्यपाल ने टीम के प्रत्येक सदस्य से परिचय प्राप्त किया और कहा कि अपनी सैन्य सेवाओं के दौरान उन्होंने भी विभिन्न प्रकार के अभियानों में प्रतिभाग किया था और इन अभियानों में रोमांच के साथ-साथ देशभक्ति की भावना प्रचारित होती है। राज्यपाल ने कहा कि आप सभी लोग बधाई के पात्र हैं और यदि आपको किसी भी प्रकार कि सहायता की जरूरत हो, तो हर सम्भव सहायता की जाएगी।

# विजेता खिलाड़ियों का विद्यालय में हुआ सम्मान



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता से लौटकर आए सभी खिलाड़ियों का केन्द्रीय विधालय रायवाला के प्रधानाचार्य रमेश शर्मा सहित तमाम शिक्षकों ने विद्यालय प्रांगण में जोरदार स्वागत किया।
गौरतलब है कि केंद्रीय विद्यालय रायवाला के 60 बच्चों ने इस बार विभिन्न प्रतियोगिताओं में अलग-अलग विद्यालय में जाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्राचार्य रमेश शर्मा ने सभी जीतकर आए खिलाड़ियों को विद्यालय में मेडल पहनाकर सम्मानित किया।
जिसमें बालक वर्ग अंडर 14,और अंडर 17 फुटबॉल प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया, खो खो अंडर 14 गर्ल्स ने सिल्वर मेडल हासिल किया।
ताइक्वांडो में बालक वर्ग में अंडर 14 , में हिमांशु ने गोल्ड मेडल, अमन ने सिल्वर मेडल और देवराज नेगी ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया ।
एथलेटिक गर्ल्स में नितिका नेगी ने 3 किलोमीटर वॉक रेस सिल्वर मेडल हासिल किया, अंशु यादव ने 400 मीटर में ब्रोंज मेडल स्वस्ति बडोनी ,200 मीटर में गोल्ड 100 मीटर में ब्रॉन्ज और लॉन्ग जंप में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। विद्यालय के खेल शिक्षक मनमोहन सिंह नेगी ने बताया कि इस प्रतियोगिता तैयारी के लिए बहुत कम समय मिला था, फिर भी बच्चों ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक साथी मौजूद रहे।

# मोबाइल छीनकर भागा आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने युवती से मोबाइल झपटकर भागे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के पास से दो मोबाइल बरामद किए हैं साथ ही आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।
जानकारी के मुताबिक गत 4 जनवरी को सुभाष नगर ज्वालापुर निवासी दीपिका रानी ने पुलिस को दी तहरीर में अज्ञात बाइक सवार द्वारा मोबाइल छीन कर भाग जाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद से पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने मामले के खुलासे के लिए कई स्थानों पर सीसीटीवी खंगाले तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। पुलिस ने आज



वीडियो फुटेज की मदद से पुलिस झपट्टमार तक पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम समोहिल उर्फ इस्माइल निवासी संगीता टाकीज के पास पीठ बाजार ज्वालापुर बताया। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है।

## लघु और मध्यम उद्योग अर्थ व्यवस्था का महत्वपूर्ण इंजन : ऋतु खंडूडी

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
सिडकुल सेक्टर 7 के प्योर एंड क्योर हेल्थकेयर फार्मा कंपनी में सिडकुल मैन्युफैक्चर एसोसिएशन ने अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के अवसर पर समारोह किया गया। इसमें उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने बतौर मुख्य अतिथि समारोह में प्रतिभाग कर दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान समारोह में राज्य में एमएसएमई उद्योग के प्रति उत्कृष्ट योगदान देने वाले उद्योगों और वित्तीय संस्थानों को सम्मानित किया गया।

# बरेली से लाई गई 15 लाख की स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन मे जुटी हरिद्वार पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी। बरेली से हरिद्वार बेचने लाई गई 15 लाख की स्मैक के साथ 02 आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।
पुलिस के मुताबिक कई दिनों से पुलिस को स्मैक तस्करी के इनपुट मिल रहे थे। इस पर चौकन्नी पुलिस ने जाल बिछाकर दो ड्रग डीलरों को पुराना पथरी पावर हाउस के पास से गिरफ्तार कर लिया। दोनों अभियुक्तों के पास से 152 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई,जिसकी कीमत



अन्तरराष्ट्रीय बाजार में करीब 15 लाख रुपए बताई जा रही है। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपने नाम नाजिम और रेहान अली निवासी ग्राम उनकला थाना निगोही जिला शाहजहांपुर यूपी बताए। दोनों अभियुक्तों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

## न्यूज फ्लैश

### उत्तराखंड : मौसम विभाग ने पांच दिनों में जताई भारी से भारी की संभावना

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड मौसम विभाग ने पांच दिनी राज्य स्तरीय मौसम ककी चेतावनी जारी की है। इसमें कहा गया है मौसम विभाग ने 27 जून को देहरादून, टिहरी, नैनीताल, बागेश्वर जनपदों में कहीं कहीं भारी बारिश होने की संभावना है जबकि प्रदेश के पर्वतीय जनपदों में कहीं कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने और बारिश के तीव्र से अति तीव्र होने की संभावना है।
मौसम विभाग के निदेशक विक्रम सिंह ने अपनी चेतावनी में कहा है कि 28 जून को नैनीताल, चंपावत, टिहरी, पौड़ी, देहरादून, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जनपदों में कहीं कहीं भारी से भारी बारिश होने और 29 जून को पिथौरागढ़, चमोली, रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी जनपदों में भारी बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। यही क्रम 30 और एक जुलाई को भी जारी रहेगा। मौसम विभाग के निदेशक ने कहा है कि संवेदनशील इलाकों में हल्के से मध्यम भूस्खलन और चट्टान गिरने के कारण कुछ स्थानों में सड़कों, राजमार्गों में अवरोध तथा निचले स्थानों पर जल भराव होगा। पांच दिनी पूवार्नुमान में उन्होंने चारधाम यात्रा के यात्रियों से स्थिति के अनुसार ही यात्रा करने का अनुरोध किया है।
दूसरी ओर राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र ने बताया है कि सोमवार को 29 हजार 122 यात्रियों ने चारधाम यात्रा में सहभागिता की, जिसमें बद्रीनाथ में 10639, हेमकुंड में 3051, केदारनाथ में 7525, गंगोत्री में 4902, गोमुख में 147, यमुनोत्री में 2858 यात्री पहुंचे हैं। क्रमिक रूप से यात्रियों की संख्या देखी जाए तो अब तक 3207534 यात्री चारधाम यात्रा पर आ चुके हैं।

### लॉकडाउन ने बदल दी जिंदगी: विजया पंत

**देहरादून।** उत्तरकाशी की रहने वाली पर्वतारोही विजया पंत तुली ने म्यूजिक के क्षेत्र में कदम रखते हुए अपना नया गाना बरसात रिलीज किया है। सोमवार को प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता में पर्वतारोही विजया पंत तुली ने बताया कि लॉकडाउन के बाद परिस्थितियां बदल चुकी है। कई लोगों को अपना कार्यक्षेत्र बदलना पड़ा है। उन्हें भी अपना कार्यक्षेत्र बदलना पड़ा है। 2019 तक उन्होंने उत्तराखंड में ट्रेकिंग के ग्रुप चलाए और अब मुझे भी अपना कार्यक्षेत्र बदलना पड़ा। उन्होंने कहा कि मैने एक यू-ट्यूब म्यूजिक चैनल एसवीएमटी म्यूजिक खोला और पहली एलबम ख्याबीदा बनाई।

# राज्य सरकार पर नौकरशाही हावी : प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष करन माहरा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा ने प्रदेश सरकार पर नौकरशाही के हावी होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि अधिकारी मुख्यमंत्री के आदेशों को गम्भीरता से नहीं ले रहे हैं।
अध्यक्ष माहरा ने कहा कि स्मार्ट सिटी के कार्यों में भी भारी भ्रष्टाचार को अंजाम दिया रहा है। 100 करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च होने के बावजूद भी देहरादून शहर की सड़कें जलमग्न हो रही हैं जिसके चलते राजधानी की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। आम जनता को

> **8 राज्य के 100 से अधिक मोटर मार्ग बंद पड़े हैं। ग्रामीण क्षेत्रों का मुख्य मार्गो से सम्पर्क पूरी तरह से कट चुका है।**

घंटों जाम की स्थिति का सामना तो करना ही पड़ रहा है गम्भीर दुर्घटनाएं भी घटित हो रही हैं।
उन्होंने कहा कि इस सबसे ऐसा लग रहा है कि प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं रह गई है।
उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य में पहली बरसात में हुए सड़कों का बुरा हाल हो गया है। राज्य की पुष्कर सिंह धामी सरकार में सड़कों के निर्माण में हुए भारी भ्रष्टाचार के कारण पूरे राज्य की सड़कें पहली बरसात भी नहीं झेल पाई और गड्ढों में तब्दील हो गई हैं। यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। उन्होंने कहा कि अभी तो बरसात की शुरूआत हुई है ऐसे में जब मानसून अपने चरम पर रहेगा तब प्रदेश की जनता का क्या होगा।
उन्होंने कहा कि राज्य के 100 से अधिक मोटर मार्ग पूरी तरह से बंद पड़े हैं। ग्रामीण क्षेत्रों का मुख्य मार्गों से सम्पर्क पूरी तरह से कट चुका है। राज्य का आपदा प्रबन्धन पूरी तरह से विफल साबित हुआ है, सड़कों की खराब हालात के चलते पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं। शहरी क्षेत्रों की सड़कें बरसाती नालों में तब्दील हो चुकी हैं। लोगों को घंटों जाम की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यही हाल प्रदेश में विद्युत आपूर्ति तथा पेयजल आपूर्ति का हो गया है। सरकार की नाकामियों के कारण प्रदेश की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई हैं और लोगों को अंधेरे में रात बिताने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य के कई आपदाग्रस्त क्षेत्रों में पेयजल लाइनें ध्वस्त होने के कारण पानी का गम्भीर संकट खड़ा हो गया है। पर्वतीय क्षेत्रों के कई जनपदों में स्थानीय लोगों को भारी पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है तथा मैदानी क्षेत्रों में प्रदूषित पानी पीने को लोग मजबूर हो गये हैं।
उन्होंने कहा कि धामी सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है। जनता को बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो चुकी है। भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार का आलम यह है कि पूरे विश्व के हिन्दुओं की गहन आस्था के प्रतीक स्थल भगवान श्रीबद्रीनाथ-केदारनाथ भी इससे अछूते नहीं हैं।

## प्रेम ही परमात्मा का रूप : विज्ञानानंद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
श्रीगीता विज्ञान आश्रम के पराध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज ने कहा है कि प्रेम ही परमात्मा है और भगवान भी भक्तों की भावनाओं पर ही आकर्षित होते हैं। मान का पान ही पर्याप्त होता है, जबकि अपमान के साथ प्राप्त हुई माया व्यर्थ होती है। वे आज राजा गार्डन स्थित हनुमान मंदिर हनुमत गौशाला में चल रही भागवत कथा में सृष्टि की रचना का सार समझा रहे थे।सतयुग से कलयुग तक की सृष्टि की रचना का विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि सतयुग में मंत्र सृष्टि से समाज का संचालन होता था, जो त्रेता तक चला और भगवान राम का अवतार भी मंत्र सृष्टि से ही हुआ।

# भाजपा ध्रुवीकरण की नहीं संतुष्टिकरण की राजनीति करती है

> **8 मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम में चमोली की महिला मोर्चा अध्यक्ष डा. हिमानी वैष्णव का नाम भी शामिल था**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
वर्चुअल माध्यम से मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम में चमोली जनपद की महिला मोर्चा अध्यक्ष डा. हिमानी वैष्णव का नाम भी शामिल था। डॉ. वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बातचीत की और प्रधानमंत्री से विकास कार्यों के संबंध में प्रश्न पूछा। डॉ. हिमानी वैष्णव देशभर



के दस लोगों में भी शामिल थीं, जो देहरादून में प्रधानमंत्री से बातचीत करने के लिए उपस्थित थीं। हिमानी वैष्णव घर-घर सम्पर्क अभियान में बेहद सक्रियता से कार्य कर रही हैं और सरल एप पर सर्वाधिक चित्र एवं वीडियो अपलोड करने वाली कार्यकर्ता बनी हैं। उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि यह सुखद अवसर है कि सीमांत जनपद से मुझे प्रधानमंत्री से बातचीत के लिए चुना गया। यह मेरे लिए सौभाग्य का विषय है।
डॉ. हिमानी ने स्पष्ट किया कि भाजपा सरकार ध्रुवीकरण की नहीं संतुष्टिकरण की राजनीति करती है। सीमांत क्षेत्र के कार्यकताओं को इतना सम्मान मिलना सौभाग्य का सूचक है। वह बीएमएस चिकित्सक हैं और वर्तमान में नगर पंचायत नंदप्रयाग में अध्यक्ष है। उन्हें स्वच्छ भारत मिशन का सह संयोजक बनाया गया है जबकि राष्ट्रीय स्वास्थ्य स्वयंसेवक चमोली का जिला संयोजक बनाया गया था।
कर्णप्रयाग विधानसभा की सह प्रभारी रही डॉ. वैष्णव जिला संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ भी हैं। चमोली के गांव मैठाणा में 4 जनवरी 1082 को पैदा हुई डॉ. हिमानी वैष्णव 2 दिसम्बर 2018 से जिला पंचायत अध्यक्ष है।

# लोकसभा चुनाव को देखते हुए बन रहा विपक्षी दलों का गठबंधन घोटालों में फंसा है: उनियाल

> **8 2024 में लोकसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने प्रधानमंत्री मोदी के विरुद्ध वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए बनाए जा रहे गठबंधन पर हमला बोलो। उन्होंने कहा कि यह वह सभी राजनीतिक दल है, जो कि किसी न किसी घोटाले में फंसे हैं।
सुबोध उनियाल ने यह बातें मुनी की रेती में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरुद्ध उस समय विपक्षी दलों द्वारा गठबंधन बनाए जाने की कवायद की जा रही है। जब मोदी विश्व में भारत का मान बढ़ाने में लगे हैं, जिसके चलते आज पूरा विश्व उनके नेतृत्व में कार्य करने के लिए अपनी सहमति दे चुका है। उन्होंने कहा कि मोदी द्वारा पूरे देश में किए जा रहे, विकास कार्यों के कारण विपक्षी दलों के सामने कोई मुद्दा नहीं रह गया है, जो कि आरोप लगाकर उन्हें बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं।
मोदी के नेतृत्व में सबका साथ



सबका विकास के अंतर्गत सभी को समान दृष्टि से विकास की गंगा में लाभ दिया जा रहा है ,चाहे उसमें जन धन योजना हो, आवास योजना ,तीन तलाक ,आयुष्मान योजना सहित अनुच्छेद 370 का मामला जिसके कारण विपक्षी दल पूरी तरह बौखला गया है।
उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता घर-घर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल के साथ राज्य सरकार के कार्यों की उपलब्धियों को भी पहुंचा रहा है। पत्रकार वार्ता में मुनी की रेती नगर पालिका के अध्यक्ष रोशन रतूड़ी, चंद्रवीर पोखरियाल भी उपस्थित थे।

# विश्व के लोकप्रिय नेता के मार्गदर्शन से जमीनी स्तर पर कार्य करने का मिला सौभाग्य : भट्ट

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने कहा कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन से जमीनी स्तर पर कार्य करने को लेकर कार्यकताओं में नए उत्साह और ऊर्जा संचार हुआ है।
राजधानी के सर्वे चौक स्थित आइडीटीसी ऑडिटोरियम में "मेरा बूथ सबसे मजबूत"अभियान के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नेतृत्व में बूथ स्तर के कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री मोदी से संवाद स्थापित किया। इस दौरान देवभूमि से डा. हिमानी वैष्णव के सवाल के जवाब में प्रधानमंत्री ने विपक्ष की तुष्टिकरण और हमारी संतुष्टिकरण की योजनाओं का फर्क जनता में पहुंचाने की बात कहीं।
उन्होंने प्रदेश के सभी 270 मंडलों और



बूथों पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद कार्यकताओं से सरकारी योजनाओं व संगठनात्मक कार्यशैली के संबंध दी गई प्रधानमंत्री की जानकारियों को गांठ बांधकर रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के संवाद ने प्रत्येक कार्यकर्ता में नए उत्साह और ऊर्जा संचार किया है। प्रधानमंत्री की इस दौरान सभी विषयों को लेकर विस्तार से दी गईं जानकारी सभी कार्यकताओं के लिए बूथ सशक्तिकरण में बेहद मददगार साबित होने वाली हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि प्रधानमंत्री का प्रेरणादायक उद्बोधन हम सबके लिए आगे जन संवाद स्थापित करने में बेहद मददगार साबित होने वाला है। उन्होंने कहा कि विपक्षी तुष्टिकरण योजनाओं के मुकाबले हमारी संतुष्टिकरण योजनाओं ने देशवासियों के जिंदगी में आमूलचूल परिवर्तन किया हैं। उन्होंने मोदी के समान नागरिक कानून देश में लागू करने की पैरवी का स्वागत करते हुए शीघ्र ही उनकी कही बात के अनुसार प्रदेशवासियों को इस कानून की सौगात देने का भरोसा दिलाया।
कार्यक्रम के दौरान, चमोली जनपद भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष डा. हिमानी वैष्णव ने प्रधानमंत्री मोदी से संवाद करते हुए सवाल पूछा कि तुष्टिकरण एवं संतुष्टिकरण की योजनाओं को किस तरह जनता के बीच ले जाना है। इसके जवाब में मोदी ने कहा, देश में विपक्षी तुष्टिकरण नीति के कारण एक बड़ा वर्ग जाति, क्षेत्र धर्म विशेष के लोग तरक्की की दौड़ में पीछे रहते हुए सिर्फ वोट बैंक बनकर रह गए हैं। हमें ऐसे लोगों के बीच अपनी जनकल्याणकारी की जानकारी और उन्हें लाभार्थी बनाने का प्रयास करना है ताकि उनका भ्रम टूटे और तुष्टिकरण एवं संतुष्टिकरण के अंतर को समझते हुए वे भी राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़ सकें।
इस दौरान प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, महापौर सुनील उनियाल गामा, विधायक खजान दास, प्रदेश कार्यालय प्रभारी कौस्तुभानंद जोशी, आशा नौटियाल, सिद्धार्थ अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहें।

